अंबाला में विधायक विनोद शर्मा ने सुनीं समस्याएं

पेयजल योजना शीघ्र पूरी

अंबाला शहर के विधायक विनोद शर्मा ने अधिकारियें को बिजली-पानी की समस्या को तत्परता से समाधान करने का निर्देश दिया।

हरिभूमि न्यूज. अंबाला

पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं अंबाला शहर के विधायक विनोद शर्मा ने आज मॉडल टाउन अंबाला शहर स्थित अपने निवास स्थान पर क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को यह निर्देश भी दिए कि वे जनता की बिजली और पानी से संबंधित समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें। उन्होंने कहा कि अंबाला शहर की पेयजल की समस्या के स्थाई समाधान के लिए 111 करोड़ रूपए की लागत से नहरी पेयजल योजना पर कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। शीघ्र ही यह परियोजना पूरी कर ली जाएगी। शर्मा ने बिजली की समस्या पर कहा कि प्रदेश में औसत से कम वर्षा होने के कारण बिजली की समस्या पेश आ रही है। सरकार प्रदेशों से महंगी दरों पर बिजली खरीद कर समस्या के समाधान का हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने जनता की शिकायतें सुनते हुए कहा कि सरकार ने वृद्धावस्था, विधवा और विकलांग पेंशन का वितरण पहले की तरह पंचायतों और नगर निगम के माध्यम से आरंभ कर दिया है। इस अवसर पर कांग्रेस नेता अरूण गर्ग, परमिन्द्र बबला, करनैल बाई, राजन गुगलानी, जसमीत सिंह टोनी सहित स्थानीय महिला व पुरूष मौजूद थे।

अंबाला। मॉडल टाउन में लोगों की समस्याएं सुनते हुए विधायक विनोद शर्मा। फोटो: हरिभूमि

आज समाज
अंबाला/चंडीगढ़, सोमवार

आज समाज
अंबाला/चंडीगढ़, सोमवार, 30 जुलाई 2012 03

चल रहा नहरी पेयजल योजना का कार्य

अंबाला सिटी। पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं सिटी के विधायक विनोद शर्मा ने मॉडल टाउन स्थित अपने निवास स्थान पर अंबाला विधानसभा क्षेत्र की जनता की समस्याएं सुनकर अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जनता की बिजली और पानी से संबन्धित समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें।

विधायक ने कहा कि सिटी की पेयजल की समस्या के स्थाई समाधान के लिए 111 करोड़ रुपए की लागत से नहरी पेयजल योजना पर कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही यह परियोजना पूरी कर ली जाएगी और यह कार्य पूरा होने के बाद आगामी 30 वर्षो तक जनता को 24 घंटे पर्याप्त जल आपूर्ति उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि सतलुज-यमुना लिंक नहर से सिटी को नहरी पानी लाने के लिए पाइप लाइन बिछाने का कार्य अंतिम चरण में है और इस पानी के

लोगों की समस्याएं सुनते विधायक विनोद शर्मा। आज समाज

जनता के सहयोग से सिटी विधानसभा क्षेत्र की शहरी और ग्रामीण इलाके की कोई भी सामूहिक समस्या शेष नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में औसत से कम वर्षा होने के कारण बिजली की समस्या आ रही है। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि वे विपक्ष के लोगों के झूठे प्रचार से गुमराह न हो और सयंम से पहले की तरह पंचायतों और नगर निगम के जरिये शुरू कर दिया है। सभी योग्य पात्रों को समय पर पेंशन उपलब्ध कराई जा रही है।

इस अवसर पर कांग्रेस नेता अरूण गर्ग, परमिन्द्र बबला, करनैल बाई, राजन गुगलानी, जसमीत सिंह टोनी, मदन लाल, देवेन्द्र बजाज, जसबीर कौर बबंल कमला